आप के साथ आप के पास
जनपथ समाचार

एग्जिबिशन इंडस्ट्री की पहली 'ग्लोबल समिट अगले माह दुबई में आयोजित होगी

मुंबई (कार्यालय संवाददाता)। भारत के एग्जिबिशन और कॉन्फ्रेंस आयोजकों की शीर्ष संस्था, काउंसिल ऑफ इंडियन एग्जिबिशन ऑर्गेनाइजर्स (सीआईईओ) ने एग्जिबिशन इंडस्ट्री की पहली ग्लोबल समिट 2022 का आयोजन 25 और 26 जनवरी 2022 को दुबई में आयोजित करेगी। इस एक्सपो में इंडिया पवेलियन में होने वाली समिट का उद्देश्य भारतीय एग्जिबिशन इंडस्ट्री को वैश्विक नक्शे पर लाना है।

इस ग्लोबल समिट की मेजबानी फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा 24 से 29 जनवरी 2022 तक निर्धारित एमएसएमई सप्ताह के साथ की जाएगी। कई क्षेत्रीय एग्जिबिशन कंपनियां एमएसएमई सेक्टर की हैं और एमएसएमई सप्ताह के दौरान समिट करने से मंत्रालय के साथ जुड़ने, मध्य पूर्व और आस-पास के देशों में अपने बिजनेस का विस्तार करने के अवसर मिलेंगे। समिट के दौरान अल्ट्रा मॉडर्न लग्जरी रिसॉर्ट एटलांटिस द पाम में 75 वर्ष का आजादी का अमृत महोत्सव भी मनाया जाएगा।

सीआईईओ की संचालक समिति सदस्य, इंडिया आईटीएमई सोसायटी की एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर सीमा श्रीवास्तव ने कहा कि भारत के एग्जिबिशन इंडस्ट्री के आयोजकों और सर्विस प्रोवाइडर्स के लिए अपनी ताकत और क्षमता पूरी दुनिया को दिखाने का यह न चूकने वाला अवसर है।

दो दिवसीय इस आयोजन में अंतरराष्ट्रीय संगठनों और सीआईईओ के बीच कई एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। एग्जिबिशन आयोजकों और सर्विस प्रोवाइडर्स को पहली बार ऐसा वैश्विक मंच मिल रहा है। इस आयोजन को एसोचैम, एआईपीएमए, प्लास्टइंडिया फाउंडेशन के एंड डी, आईईएसए, यूआईबीसी और आईएससीसी, यूआईबीसी और आईएसीसी का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त है। भारत, यूएई, सऊदी अरब, ओमान, कतर, तुर्की, ईरान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, थाईलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, ब्रिटेन, इजरायल, इराक, इटली, फ्रांस, रूस, अमेरिका, चीन और जर्मनी के उच्चाधिकारियों ने इस समिट में आने की पुष्टि कर दी है। यह बिजनेस समिट इंडस्ट्री के मेम्बर्स के लिए वैश्विक गठबंधन करने, भागीदारी करने, एक दूसरे से जुड़ने और नए बाजार तलाशने का अनूठा अवसर है।